# द्वितीय लिखित कसोटी -२०१६

दिनांक : १९/०४/२०१६    कक्षा : ७    समय : ८:०० से ११:००

वार : मंगलवार    विषय : हिन्दी    कुल अंक : ८०

छात्र का नाम : ______________________ बैठक क्रमांक : __________

---

**सूचना :** (1) सभी प्रश्नों के उत्तर अलग उत्तरवही में लिखें ।

---

**प्रश्न-१ (अ) विकल्प में से उचित उत्तर ढूंढकर लिखिए ।** (10)

(१) क्रिकेट टीम मैच खेलने के लिए कहाँ गई थी ?

(अ) अहमदाबाद (ब) बड़ौदा (क) राजकोट (ड) भूज

(२) 'यह सुन्दर पेन्सिल हीरल की है ।' वाक्य में से विशेषण ढूँढकर लिखिए ।

(अ) यह (ब) सुन्दर (क) पेन्सिल (ड) हीरल

(३) कौन-सी स्त्री का बेटा बलवान था ?

(अ) पहली (ब) दूसरी (क) तीसरी (ड) चौथी

(४) कौन-से वैज्ञानिकभारत के राष्ट्रपति रह चूके है ?

(अ) डॉ. विक्रम साराभाई (ब) जगदीश चन्द्र बोझ

(क) डॉ. अब्दुल कलाम (ड) होमी भाभा

(५) तू जो चाहे नदियों के मुख को भी .........

(अ) फोड़ दे (ब) जोड़ दे (क) निचोड़ दे (ड) मोड़ दे

(६) 'वीर पुत्र तुम सचमुच क्षत्रिय हो ।' वाक्य कौन बोलता है ?

(अ) मालवजी (ब) दरबान (क) तानाजी (ड) शिवाजी

(७) ............सुख और स्वास्थय की चाबी है ।

(अ) क्रोध (ब) हास्य (क) क्षोभ (ड) चिन्ता

(८) 'शान' शब्द का अर्थ ढूँढकर लिखिए ।

(अ) समय (ब) प्रवाह (क) गौरव (ड) काल

(९) 'आकाश' शब्द का विलोम शब्द लिखिए ।

(अ) धरती (ब) गगन (क) नभ (ड) अंबर

(१०) सही शब्द ढूँढकर लिखिए ।

(अ) बुदिमान (ब) बुधिमान (क) बुत्थिमान (ड) बुद्धिमान

Scanned by CamScanner

(ब) परिच्छेद का अनुलेखन लिखिए । (4)

हम जो कोई भी वस्तु या सेवा पैसे देकर खरीदते है तो हमारा यह भी अधिकार बनता है कि हमने जो वस्तु या सेवा खरीदी है वो अच्छी है । उपभोक्ताओ के हितो की रक्षा के लिए हमारे देश में उपभोक्ता अधिनियम भी बनाया गया है ।

(क) मुहावरों के अर्थ लिखिए। (किन्ही दो) (2)

(१) जीवन दान देना

(२) सच्चा हीरा होना

(३) पछाड़ देना

प्रश्न-२ (अ) दिए गए वर्णो का उपयोग करके चार अर्थपूर्ण शब्द बनाइए (4)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| म | र | क | न | य |

(ब) शब्दों को उचित क्रम में रखकर अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए। (किन्ही दो) (4)

(१) कितना - गाना - है - वाह - अच्छा ।

(२) करता - मेहनत - है - रात - दिन - आशिष ।

(३) महात्मा - है - कहते - गाँधीजी - हम - को ।

(क) कहावतों के अर्थ लिखिए। (किन्ही दो) (4)

(१) छोटा मुँह बडी बात ।

(२) दोनो हाथो में लड्डू ।

(३) साँप भी मरे लाठी भी न टूटे ।

(ड) वाक्यों मे से विशेषण ढूँढकर लिखिए। (4)

(१) परिश्रमी छात्र कभी असफल नही होते ।

(२) अब्दूल बीस किलो आटा लाया ।

(३) राम ने पाँच मीटर कपड़ा खरीदा ।

(४) दीपक अच्छा गाता है ।

प्रश्न-३ (अ) वाक्यों के काल पहचानकर लिखिए। (4)

(१) भारती कल पाटन जाएगी ।

(२) खरगोश पानी पी रहा था ।

(३) अशोक महान राजा थे ।

(४) आशा बाग में खेल रही है ।

Scanned by CamScanner

(ब) परिच्छेद का मातृभाषा में अनुवाद लिखिए। (4)

एक कुत्ते ने एक खरगोश को देख लिया। शिकार के लिए उसके पीछे दोड़ा। खरगोश भी अपने प्राण बचाने के लिए तेज़ी से भागा। कुत्ता बराबर उसका पीछा करता रहा। अंत मे उसकी साँस फूल गई। थक-हारकर उसने खरगोश का पीछा करना छोड दिया।

(क) शब्दो के विलोम और समानार्थी शब्द लिखिए। (4)

| शब्द | विलोम | समानार्थी |
|---|---|---|
| सच | | |
| रात | | |

(ड) काव्य पंक्तियों का भावार्थ लिख्पि। (4)

निज को तू जान, जरा शक्ति पहचान
तेरी वाणी में युग का आहवान है रे।

प्रश्न-४ (अ) प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (किन्ही चार) (8)

(१) नरेन्द्र बड़ा होकर किस नाम से प्रसिद्ध हुआ ?

(२) पहली स्त्री ने अपने बेटे की प्रशंसा कैसे की ?

(३) कष्ट होने परभी मालवजी शिवाजी के पास क्यों नही गये ?

(४) अल्पाहार के समय कौन नहीं दिखाई दे रहा था ?

(५) तीसरी स्त्रीने अपने बेटे की विशेषता के बारे में क्या कहा ?

(ब) प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (किन्ही चार) (8)

(१) बेटी दुनिया को कैसे समझना चाहती है ?

(२) बेटी की क्या-क्या तमन्नाएँ है ?

(३) मनुष्य क्या-क्या कर सकता है ?

(४) मनुष्य यदि हिम्मत से काम ले तो क्या हो सकता है ?

(५) बेटी तितली बनकर क्या करना चाहती है ?

प्रश्न-५ (अ) किसी एक विषय पर दस-बारह वाक्य लिखिए। (8)

(१) अपनी पसंद की कहानी (२) मेरा प्रिय त्योहार (३) मेरा देश

(ब) शब्दो को शब्दकोश के क्रम में लिखिए। (5)

सहारा, दुनिया, अंदाज, किसान, मुस्कान

(क) अपनी पसंद का एक चुटकुला लिखिए। (3)

*Best Of Luck*

Scanned by CamScanner